<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## विश्वविद्यालय के विद्यार्थी नामी कम्पनी में चयनित

पंतनगर। 11 जनवरी 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के माध्यम से (जून 2023 उत्तीर्ण वर्ष) अध्यनरत 02 विद्यार्थियों का चयन मैं. टेट्रा पैक लिमिटेड, पुणे (M/s Tetra Pak Ltd. Pune) कम्पनी में हुआ है। मैं. टेट्रा पैक लिमिटेड द्वारा इस वर्ष प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं यांत्रिकी अभियांत्रिकी विद्यार्थियों के लिए सेवायोजन हेतू साक्षात्कार किया गया, जिसमें 02 विद्यार्थियों क्रमशः मोहित रावत एवं परेज नायक का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों का पैकेज रू. 6.00 लाख प्रति वर्ष होगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. अलकनन्दा अशोक ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्राध्यापक, डा. डी.एस. मूर्ति ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाइयां दी है।



*(1) मोहित रावत*



*(2) परेज नायक*